**आईआईएम रांची में आईपीएम के 2026–31 बैच का शुरूआत**

# 71 प्रतिशत छात्राओं संग आईपीएम का छठा बैच शुरू



आईआईएम रांची में आईपीएम के छठे बैच की औपचारिक शुरुआत मंगलवार को हुई।

## आईआईएम

रांची, विशेष संवाददाता। आईआईएम, रांची में इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (आईपीएम) के छठे बैच (सत्र 26-31) की औपचारिक शुरुआत मंगलवार को हुई। इस 5 वर्षीय कार्यक्रम में 62 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है, जिनमें 71 प्रतिशत छात्राएं हैं। निदेशक प्रो. दीपक श्रीवास्तव ने छात्रों से सकारात्मक दृष्टिकोण, सामाजिक बुद्धिमत्ता और वैश्विक सोच अपनाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि नाथन एसवी (पूर्व कंट्री लीडर, पीडब्ल्यूसी) ने ईमानदारी, विनम्रता और सतत सीखने को सच्चे नेतृत्व की कुंजी बताया। आईपीएम चेयरपर्सन प्रो. रवीश कृष्णनकुट्टी ने भी मार्गदर्शन किया।

Hindustan_12.08.2026_P. 7

# आइआइएम रांची : आइपीएम के छठे बैच की शुरुआत, 71 प्रतिशत छात्राएं शामिल



**रांची.** आइआइएम रांची में इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (आइपीएम) के छठे बैच की शुरुआत हुई. 62 विद्यार्थियों वाले इस बैच में 71 प्रतिशत छात्राओं की भागीदारी है. इंडक्शन सप्ताह के दौरान केस प्रतियोगिता, प्रेजेंटेशन, बिजनेस फ्यूड, मार्केटिंग रूलेट, जैमिंग सेशन, ह्यूमन लाइब्रेरी, ह्यूमन कनेक्ट, खेल गतिविधियां, सर्विस कियोस्क, ट्रेजर हंट, डांस प्रतियोगिता आयोजित की गयी. निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने आइआइएम रांची में उपलब्ध अवसरों का भरपूर लाभ उठाने व संस्थान की वैश्विक शिक्षण पद्धति व दृष्टिकोण के माध्यम से वैश्विक नजरिया विकसित करने का आह्वान किया. उदघाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में पीडब्ल्यूसी एक्सेलेरेशन सेंटर्स इंडिया के पूर्व कंट्री लीडर नाथन एसवी शामिल हुए. पेशेवर अनुभव साझा करते हुए छात्रों को प्रोत्साहित किया. मौके पर आइपीएम के चेयरपर्सन प्रो रवीश कृष्णनकुट्टी आदि उपस्थित रहे.

Prabhat Khabar_12.08.2026_P. 8